प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.10.2023 / प्रादेशिक समाचार बुलेटिन / रितेश / 9:20बजे

....

कृतज्ञ राष्ट्र, आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 154वीं जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर देश सहित प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धाजंलि दी है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने अपने संदेश में कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के आदर्शों ने दुनिया को एक नया मार्ग दिखाया। उपराष्ट्रपति ने बापू के दिखाए मार्ग का अनुसरण करने और राष्ट्र की प्रगति के लिए आत्मनिर्भरता, समावेशिता और सार्वभौमिक भाईचारे के उनके दृष्टिकोण को अपनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

इधर देश आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के समाधी स्थल राजघाट पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना आयोजित की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक ट्वीट संदेश में कहा है कि महात्मा गांधी जी के विचारों ने पूरी दुनिया को प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि लोगों से जुड़ना और उन्हें अपने साथ जोड़ना बापू की खासियत थी। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे इतिहास के अत्यंत महत्वपूर्ण समय में लाल बहादुर शास्त्री के कठोर नेतृत्व के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा।

इस बीच राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने शिमला के रिज मैदान पर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की।

....

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू कल शिमला के रिज मैदान में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित सुख आश्रय योजना के राज्य स्तरीय समारोह का शुभारम्भ करेंगें। सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल भी इस अवसर पर विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

....

शिमला जिला के जुन्गा में 12 से 15 अक्तूबर तक शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इस फेस्टिवल में देश–विदेश के पैराग्लाईडर भाग लेगें। जिला उपायुक्त आदित्य नेगी ने कहा कि भारी बरसात से पर्यटन कारोबार को काफी नुकसान हुआ है, और ये फेस्टिवल पर्यटन को पुनः सुचारू करने में सहायक सिद्ध होगा। द ग्लाईड इन जुन्गा के प्रबंध निदेशक अरूण रावत ने कहा कि इस फेस्टिवल के आयोजन से अनेक लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

....

चीन के हांगचोओ में 19वें एशियाई खेलों में भारत ने कल शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण, सात रजत और पांच कांस्य पदक सहित कुल 15 पदक अपने नाम किए। भारत ने एथलेटिक्स में नौ, गोल्फ में एक, निशानेबाजी में तीन बैडमिंटन और मुक्केबाजी में एक–एक पदक हासिल किया। पदक तालिका में भारत 13 स्वर्ण, 21 रजत और 19 कांस्य सहित कुल 53 पदक जीतकर चौथे स्थान पर बना हुआ है।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से....

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला ने मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के हवाले से सुर्खी दी है–कमांडो बल, पुलिस अकादमी करेंगे स्थापित, 1 हजार 226 कांस्टेबल होंगे भर्ती। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–हिमाचल में कमांडो बल जल्द–पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज डरोह में पासिंग आउट परेड के दौरान बोले मुख्यमंत्री। दैनिक जागरण की सुर्खी है–पुलिस में तैयार करेंगे 1 हजार 2 सौ कमांडो।

पंजाब केसरी मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–कोविड स्टाफ की नौकरी के लिए जल्द बनेगी नीति।

दैनिक सवेरा टाईम्स केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के हवाले से लिखता है– युवा उत्सवों से होता है देश की संस्कृति का संरक्षण व संवर्द्धन

काजा में बनने वाले सोलर पार्क की उम्मीदों को फिर से झटका शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है– वन मंत्रालय ने नकारा एस.जे.वी.एन. का प्रस्ताव।

दैनिक भास्कर की एक खबर है–वीकेंड पर बढ़ने लगे पर्यटक, होटलों में 20 से 30 फीसदी आक्यूपेंसी बढ़ी।

मौसम पर अमर उजाला लिखता है–लाहौल की चोटियों पर हिमपात, मनाली और शिमला में बारिश, ओले भी गिरे। पंजाब केसरी की सुर्खी है–एक घंटे के लिए खुला मनाली–लेह मार्ग बर्फबारी से फिर अवरूद्ध ।

आपका फैसला ने शीर्षक दिया है–किन्नौर जिले के छितकुल गांव को मिला सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव–2023 का अवार्ड। अखबार की एक अन्य खबर है–कुल्लू से अमृतसर के लिए उड़ानें शुरू, पहले दिन कुल 43 लोगों ने की यात्रा।

—————————————